# ा बाजारों की सड़कों पर वाहन मालिकों का कब्जा

## ा करने का लाभ राहगीरों से ज्यादा व्यापारियों को मिला, दुकानों के सामने खड़े रहते हैं वाहन





ार के दिनों में अपने बच्चों व ार का भरण पोषण करने स्वप्न ो लेकिन त्योहार के दिनों में ही सड़कों से बेदखल कर दिया। ात के नियम क्या कहते है यह ा बात है ,लेकिन क्या इन बड़े ायियों को सड़कों पर गैरेज की अनुमति देना या उनकों नी करने देना जायज है, जबकि के मुताबिक जो कार स्वामी है अपनी कारें गैरेज में रखना चाहिए ों पर नहीं।

**ड़क पर दुकानदारों का ा**-क्या नगर निगम में टू-लेन फोर-लेन सड़कें इसलिए बनाई लोग अतिरिक्त सड़क निर्माण पना कब्जा जमाकर दुकानों को बढ़ा ले। शहर में जहां भी सड़कों चौड़ीकरण किया गया है वहां देखने लायक है। सज्जन मिल को चौड़ा किया गया वहां दोनों दुकानदारों ने कब्जा किया है। ालत स्टेशन रोड, न्यू रोड की है पर दोनों ओर व्यापारियों ने कर रखा है और चार पहिया भी खड़े कर अतिरिक्त सड़कों रेज के रूप में इस्तेमाल करना प्रारंभ कर दिया हैं। यदि नगर निगम इन लोगों से सड़क पर गाड़ी रखने का किराया प्रारंभ कर दे तो किसे कोई आपत्ति नहीं होगी लेकिन सड़कों को गैरेज बना दे यह कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। यातायात पुलिस और नगर निगम को ऐसे लोगों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करना चाहिए। कोर्ट चौराहे पर भी लोगों ने स्थायी गैरेज बना रखे है वे रहते कहा है और वह वाहन कहा रखते हैं। यही हाल राजमहल परिसर का है।

**महंगाई का असर व्यवसाय पर भी और जनता जर्नादन पर भी** - दीप ज्योति पर्व प्रारंभ हो रहा है। इसके चलते बाजारों में चहल-पहल भी बढ़ रही है। खरीददार भी दुकानों पर पहुंच रहे है, लेकिन महंगाई का असर भी खरीदी पर पड़ रहा है। बताते है कि 30 से 50 प्रतिशत की वृद्धि प्रमुख सभी सामग्रियों पर होने के कारण खरीददारी पर भी प्रभाव पड़ रहा है। केवल कपड़ा, रेडीमेड, किराना और आवश्यक वस्तुओं की दुकानों पर ही ग्राहकों की भीड़ नजर आ रही है। सराफा, बर्तन और ऐसे ही प्रमुख व्यवसायों पर महंगाई का असर अत्यधिक होने पर ग्राहकी कमजोर हैं। कोरोना काल की लम्बी अवधि के बाद फिलहाल कोरोना का कहर थमा हुआ है। कई जिलों में कोरोना के प्रकरण सामने आने पर जनता से त्योहार के दिनों में भी सामाजिक दूरी और मास्क लगाने का अनुरोध शासन-प्रशासन कर रहा है। अधिकारी वर्ग भी लगातार इस अभियान में जुटे हुए है,लेकिन न तो दुकानदार और ना ही ग्राहक सामाजिक दूरी का पालन कर रहे है और ना ही मास्क लगाने पर ध्यान दे रहे है।

**जितनी भीड़ बाजार में उतनी भीड़ अस्पताल में भी** - कई जिलों में कोरोना प्रभावित लोगों के आंकड़े आ रहे है। रतलाम में भी कोरोना की तीसरी लहर के रूप में माना जा रहा डेंगू तेजी से फैल रहा है। अस्पतालों में जितनी भीड़ नजर आ रही है उतनी भीड़ बाजारों में नजर नहीं आती। लोगों का कहना है कि कोरोना और डेंगू की बीमारी में उनकी जमा पूंजी भी उपचार में समाप्त हो गई।

**केवल सपने दिखाने और भाषणों से ही दिलासा दी जा रही है** -महंगी दवाइयां और महंगा चिकित्सकीय इलाज ने उनके जीवन की गाड़ी को डग-मगा दिया है। कोई सुनने वाला और कोई देखने वाला नजर नहीं आता। केवल सपने दिखाने और भाषणों से ही दिलासा दी जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सभी वर्ग को सस्ता और सुलभ उपचार मिले, निःशुल्क दवाइयां मिले इसके पूरे निर्देश दिए है, लेकिन उनके निर्देशों का पालन कहीं नजर नहीं आता। यहीं कारण है कि आम आदमी का बजट उपचार में ही समाप्त हो रहा है। वह त्योहार कैसे मनाए यह विचारणीय प्रश्न है?

**यातायात व्यवस्था में बदलाव संतोषप्रद नहीं** -बाजारों में त्योहारी भीड़ नजर अवश्य आ रही है लेकिन उस तादाद में दुकानों पर भीड़ नजर नहीं आती। पुलिस ने त्योहार को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है. लेकिन वह संतोषप्रद नहीं कहा जा सकता। बीच शहर माणक चौक, घास बाजार, दौलतगंज, हरदेवलाला पीपली, धानमंडी जैसे व्यस्त बाजारों में लोगों ने अपनी दुकानें आगे बढ़ा रखी है। कई दुकानों के आगे सड़क अतिक्रमण कर रखा है, जिसके कारण यातायात में बाधा उत्पन्न होती है, राहगीरों का सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया है। यह स्थिति माणक चौक के कुछ क्षेत्र में अत्यंत ही चिंताजनक है।

### धार्मिक और राजनीतितक कार्यक्रम में भी गाइड लाइन का पालन नहीं

स्वदेश

राजनैतिक और धार्मिक आयोजनों में भी सामाजिक दूरी और मास्क का उपयोग नहीं के बराबर नजर आ रहा है। जो नेता और अधिकारी कोरोना गाइड लाइन के पालन का विरोध करते है और अपने कार्यक्रम में भी इस बात का उल्लेख करते है और चेतावनी भी दी जाती है कि कोरोना गाइड लाइन का पालन करें लेकिन स्वयं कही भी पालन करते हुए नजर नहीं आते। यहां तक प्रशासन की बैठकों में भी सामाजिक दूरी और मास्क के उपयोग का पालन नहीं के बराबर है। अखबारों में जारी होने वाले फोटो इस बात का प्रमाण है कि जनता जर्नादन को कोरोना गाइड लाइन के पालन के निर्देश दिए जाते है लेकिन फोटो में यह पालन कही नजर नहीं आता। इसी कारण जनता जनार्दन भी कोरोना गाइड लाइन का पालन नहीं कर रही है।

### माणकचौक क्षेत्र में छोटे-छोटे व्यापारियों पर पुलिस की मेहरबानी

छोटे-छोटे त्यौहारी दुकानदारों को पुलिस द्वारा परेशान नहीं किए जाने का निर्णय सुखद है, इससे कई लोग अपना भरण पोषण कर त्यौहार मना पाएगें,लेकिन जो बड़े दुकानदार है उनके संबंध में क्षेत्रीय थाना प्रभारियों तथा नगर निगम की टीम को पैदल भ्रमण करना चाहिए ताकि सड़क अतिक्रमण जो अनावश्यक रूप से दुकानदारों द्वारा किया जा रहा है उसको हटाया जा सके।

### लोकतंत्र में समान व्यवहार जरूरी

लोगों में यह भी चर्चा है कि कुछ इलाकों में अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे दुकानदारों को शिकार बनाया गया है, जबकि प्रमुख बाजारों में किए गए सड़क अतिक्रमण को निगम व जिला प्रशासन ने नजर अंदाज कर दिया है, यह भेदभाव भी समझ से परे है। लोगों ने इस भेदभाव कार्रवाई के कारण निगम कार्यालय के समक्ष अर्धनग्न होकर प्रदर्शन भी किया। कुछ ने तो यहां तक कह दिया कि हमे जहर दे दिया जाए ताकि परिवार को पालने की हमारी परेशानी समाप्त हो जाए, इसके विडियो समाचार भी जारी हुए है। दुर्भाग्य की बात है कि किसी भी नेता और दल ने इन छोटे व्यवसायियों की व्यथा को नहीं समझा और ना ही उनकी मदद की। स्टेडियम रोड़ पर बैठने वाले छोटे लोगों को भी अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया गया और ऐसे ही कुछ स्थानों पर भी कार्रवाई की गई जो अनुचित है। त्यौहार के दिनों में ऐसा रवैया शासन को बदनाम करने के लिए पर्याप्त है, जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि त्यौहार छोटा हो या बड़ा लोकतंत्र में सभी को अपने तरीके से मनाने का अधिकार है।

# सारे प्रमुख बाजारों की सड़कों पर वाहन मालिकों क

## सड़क चौड़ीकरण करने का लाभ राहगीरों से ज्यादा व्यापारियों को मिला, दुकानों के सामने खड़े रहते हैं वाहन





रतलाम ● शरद जोशी

भले ही छोटे-छोटे दुकानदारों को सड़कों पर व्यवसाय करने पर हटा दिया जाए, लेकिन वाहन मालिकों को जिन्होंने सड़कों को ही गैरेज बना दिया है उन्हें यातायात पुलिस और नगर निगम कब हटाएगी यह चर्चा शहर में आम है। शहर के सारे प्रमुख बाजारों की सड़कों पर इन वाहन मालिकों का ही कब्जा है, चाहे वह घास बाजार हो, चांदनी चौक क्षेत्र हो या और कोई बाजार हो। सभी जगह बड़े-बड़े व्यापारियों के अपने ही निवास और दुकानों के सामने गाड़ियां पार्किंग की हुई नजर आएगी, जबकि छोटे-छोटे दुकानदारों को सड़क पर इसलिए हटा दिया गया क्योंकि वे अतिक्रमण की श्रेणी में आ रहे थे।

कोरोना काल के बाद भले ही बड़े संपन्न लोगों की आर्थिक स्थिति ढामा ढोल नहीं हुई हो लेकिन मध्यम और निर्धन वर्ग के लोगों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ा है और वे त्योहार मनाना तो ठीक अपने जीवन यापन करने में भी कठिनाई आ रही है। जैसे-तैसे छोटे व्यापारियों ने सड़क पर बैठकर अपना व्यवसाय प्रारंभ कर त्योहार के दिनों में अपने बच्चों व परिवार का भरण पोषण करने स्वप्न देखा हो लेकिन त्योहार के दिनों में ही उन्हें सड़कों से बेदखल कर दिया। यातायात के नियम क्या कहते है यह अलग बात है ,लेकिन क्या इन बड़े व्यवसायियों को सड़कों पर गैरेज बनाने की अनुमति देना या उनकों मनमानी करने देना जायज है, जबकि नियम के मुताबिक जो कार स्वामी है उन्हें अपनी कारें गैरेज में रखना चाहिए सड़कों पर नहीं।

**सड़क पर दुकानदारों का कब्जा**-क्या नगर निगम में टू-लेन और फोर-लेन सड़कें इसलिए बनाई है कि लोग अतिरिक्त सड़क निर्माण पर अपना कब्जा जमाकर दुकानों को आगे बढ़ा ले। शहर में जहां भी सड़कों का चौड़ीकरण किया गया है वहां स्थिति देखने लायक है। सज्जन मिल रोड को चौड़ा किया गया वहां दोनों ओर दुकानदारों ने कब्जा किया है। यही हालत स्टेशन रोड, न्यू रोड की है जहां पर दोनों ओर व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है और चार पहिया वाहन भी खड़े कर अतिरिक्त सड़कों को गैरेज के रूप में इस्तेमाल करना प्रारंभ कर दिया हैं। यदि नगर निगम इन लोगों से सड़क पर गाड़ी रखने का किराया प्रारंभ कर दे तो किसे कोई आपत्ति नहीं होगी लेकिन सड़कों को गैरेज बना दे यह कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। यातायात पुलिस और नगर निगम को ऐसे लोगों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करना चाहिए। कोर्ट चौराहे पर भी लोगों ने स्थायी गैरेज बना रखे है वे रहते कहा है और वह वाहन कहा रखते है। यही हाल राजमहल परिसर का है।

**महंगाई का असर व्यवसाय पर भी और जनता जर्नादन पर भी** - दीप ज्योति पर्व प्रारंभ हो रहा है। इसके चलते बाजारों में चहल-पहल भी बढ़ रही हैं। खरीददार भी दुकानों पर पहुंच रहे है, लेकिन महंगाई का असर भी खरीदी पर पड़ रहा है। बताते है कि 30 से 50 प्रतिशत की वृद्धि प्रमुख सभी सामग्रियों पर होने के कारण खरीददारी पर भी प्रभाव पड़ रहा है। केवल कपड़ा, रेडीमेड, किराना और आवश्यक वस्तुओं की दुकानों पर ही ग्राहकों की भीड़ नजर आ रही है। सराफा, बर्तन और ऐसे ही प्रमुख व्यवसायों पर महंगाई का असर अत्यधिक होने पर ग्राहकी कमजोर हैं। कोरोना काल की लम्बी अवधि के बाद फिलहाल कोरोना का कहर थमा हुआ है। कई जिलों में कोरोना के प्रकरण सामने आने पर जनता से त्योहार के दिनों में भी सामाजिक दूरी और मास्क लगाने का अनुरोध शासन-प्रशासन कर रहा है। अधिकारी वर्ग भी लगातार इस अभियान में जुटे हुए है,लेकिन न तो दुकानदार और ना ही ग्राहक सामाजिक दूरी का पालन कर रहे है और ना ही मास्क लगाने पर ध्यान दे रहे है।

**जितनी भीड़ बाजार में उतनी भीड़ अस्पताल में भी** - कई जिलों में कोरोना प्रभावित लोगों के आंकड़े आ रहे है। रतलाम में भी कोरोना की तीसरी लहर के रूप में माना जा रहा डेंगू तेजी से फैल रहा है। अस्पतालों में जितनी भीड़ नजर आ रही है उतनी भीड़ बाजारों में नजर नहीं आती। लोगों का कहना है कि कोरोना और डेंगू की बीमारी में उनकी जमा पूंजी भी उपचार में समाप्त हो गई।


**केवल सपने दिखाने और भाषणों से ही दिलासा दी जा रही है** -महंगी दवाइयां और महंगा चिकित्सकीय इलाज ने उनके जीवन की गाड़ी को डग-मगा दिया है। कोई सुनने वाला और कोई देखने वाला नजर नहीं आता। केवल सपने दिखाने और भाषणों से ही दिलासा दी जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सभी वर्ग को सस्ता और सुलभ उपचार मिले, नि:शुल्क दवाइयां मिले इसके पूरे निर्देश दिए है, लेकिन उनके निर्देशों का पालन कहीं नजर नहीं आता। यहीं कारण है कि आम आदमी का बजट उपचार में ही समाप्त हो रहा है। वह त्योहार कैसे मनाए यह विचारणीय प्रश्न है?

**यातायात व्यवस्था में बदलाव संतोषप्रद नहीं** -बाजारों में त्योहारी भीड़ नजर अवश्य आ रही है लेकिन उस तादाद में दुकानों पर भीड़ नजर नहीं आती। पुलिस ने त्योहार को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है. लेकिन वह संतोषप्रद नहीं कहा जा सकता। बीच शहर माणक चौक, घास बाजार, दौलतगंज, हरदेवलाला पीपली, धानमंडी जैसे व्यस्त बाजारों में लोगों ने अपनी दुकानें आगे बड़ा रखी है। कई दुकानों के आगे सड़क अतिक्रमण कर रखा है, जिसके कारण यातायात में बाधा उत्पन्न होती है, राहगीरों का सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया है। यह स्थिति माणक चौक के कुछ क्षेत्र में अत्यंत ही चिंताजनक है।

### धार्मिक और राजनीतितक कार्यक्रम में भी गाइड लाइन का पालन नहीं

स्वदेश

राजनैतिक और धार्मिक आयोजनों में भी सामाजिक दूरी और मास्क का उपयोग नहीं के बराबर नजर आ रहा है। जो नेता और अधिकरी कोरोना गाइड लाइन के पालन का विरोध करते है और अपने कार्यक्रम में भी इस बात का उल्लेख करते है और चेतावनी भी दी जाती है कि कोरोना गाइड लाइन का पालन करें लेकिन स्वयं कही भी पालन करते हुए नजर नहीं आते। यहां तक प्रशासन की बैठकों में भी सामाजिक दूरी और मास्क के उपयोग का पालन नहीं के बराबर है। अखबारों में जारी होने वाले फोटो इस बात का प्रमाण है कि जनता जनार्दन को कोरोना गाइड लाइन के पालन के निर्देश दिए जाते है लेकिन फोटो में यह पालन कहीं नजर नहीं आता। इसी कारण जनता जनार्दन भी कोरोना गाइड लाइन का पालन नहीं कर रही है।



# झुग्गी मुक्त, कुपोषण मुक्त, निवेश क्षेत्र से रोजगारयुक्त समग्र विकास का मॉडल होगा रतलाम - विधायक चेतन्य काश्यप

रतलाम । विधायक चेतन्य काश्यप ने शहरवासियों को दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समग्र विकास की जो अवधारणा होती है, वह अब रतलाम में साकार होगी। बीते 8 सालों में इसका ताना-बाना बुन गया है। आगामी 8 वर्षों में शहर में उद्योग भी होंगे, व्यापार होंगे, गरीबों के आवास होंगे। कुपोषण से मुक्ति मिलेगी और रतलाम तेज गति से मालवा निमाड़ का प्रमुख केन्द्र बनेगा।

दीप मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री काश्यप ने रतलाम के विकास के लिए किए गए आधारभूत कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कोरोना काल का समय सबसे अधिक दुष्कर था, लेकिन मेडिकल कॉलेज की स्थापना ने उससे रतलाम ही नहीं धार, झाबुआ, आलीराजपुर, मंदसौर, नीमच, बांसवाड़ा सहित आसपास के पूरे अंचल को उबारने में मदद की, इससे रतलाम का गौरव बढ़ा है। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में 6 हजार से अधिक लोगों का उपचार हुआ और इससे आम जनता के 1000 से 1200 करोड़ रूपए के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक त्रासदी की बचत हुई है। जल्द ही मेडिकल कॉलेज के 750 बिस्तरीय अस्पताल की शुरूआत होगी। इसे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के प्रस्ताव भी तैयार हो गए है।

श्री काश्यप ने कहा कोरोना के कारण कार्य प्रभावित हुआ लेकिन उनका लक्ष्य है कि रतलाम विधानसभा क्षेत्र से कुपोषण मिटाकर रहेंगे। गरीबों के विकास के लिए आवास की सुविधा जरूरी है और इस दिशा में शहर को झुग्गी मुक्त बनाने का प्रण कर कार्य किया जा रहा है। 8 लेन एक्सप्रेस वे के साथ रतलाम निवेश क्षेत्र की स्थापना से शहर के विकास को नई गति मिलेगी। निवेश क्षेत्र में लॉजिस्टिक हब बनेगा। इसके साथ टेक्स टाईल्स पार्क और युनिवर्सिटी कालोनी तथा फिल्म स्टूडियो की योजनाएं भी बन रही है। नमकीन क्लस्टर में 15 इकाईयां शुरू हो चुकी है। अल्कोहल प्लांट की भूमि पर लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना से 6 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। शहर में पार्किंग एवं सुविधा घर सहित अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत माणकचौक की सब्जी मण्डी एवं स्कूल की जगह का उपयोग करने की योजना बनी है। ट्रांसपोर्ट नगर भी जल्द आकार लेगा। इसके साथ ही रतलाम झुग्गी मुक्त, कुपोषण मुक्त तथा निवेश क्षेत्र से रोजगारयुक्त होकर समग्र विकास का मॉडल बनेगा।

रतलाम निःसंदेह महानगर बनेगा - सांसद श्री डामोर

सांसद गुमानसिंह डामोर ने इस मौके पर कहा कि विधायक चेतन्य काश्यप के नेतृत्व में शहर में अद्भुत कार्य हुए है। वे सदैव सकारात्मक सोच रखते है। कोरोना काल में उन्होंने रतलाम के साथ झाबुआ और आलीराजपुर जिले को भी अप्रत्याशित मदद की है, जिससे कई लोग पीठ पीछे उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते। राजनीति में पीठ पीछे होने वाली प्रशंसा किसी नोबल पुरस्कार से कम नहीं है। श्री काश्यप के प्रयासों से रतलाम निःसंदेह महानगर बनेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा कि कांग्रेस शासन काल और कोरोना महामारी के कारण शहर के विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब सभी कार्य रफ्तार पकड़ चुकें है। इससे जल्द ही रतलाम का नाम विकसित शहरों में लिया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य ने कहा कि आज की राजनीति में स्वच्छ व्यक्ति की जरूरत है और विधायक काश्यप ऐसे ही व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी है। रतलाम में जिस तरीके से समग्र विकास के कार्य हो रहे है, इनसे निश्चित रूप से रतलाम पूरे प्रदेश में विकास का मॉडल बनेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित ने कहा कि श्री काश्यप पूर्व नियोजित योजना बनाकर कार्य करते है। उन्होंने अपने प्रयासों से शहर की फिज़ा बदल कर असंभव को संभव कर दिखाया है। पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा नें कहा कि विधायक काश्यप ने शहर को जिस नई ऊचाई की तरफ ले जाने का प्रयास किया है, उसका लाभ सभी शहरवासियों को लेना चाहिए। कार्यक्रम में श्रीमती सूरज डामोर, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती संगीता चारेल, प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, निमिष व्यास सहित शहर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि, व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। संचालन मनोज शर्मा ने किया। आभार सिद्धार्थ काश्यप ने माना। स्वतंत्र

स्वतंत्रऐलान 2/11/21

# झुग्गी मुक्त, कुपोषण मुक्त, निवेश क्षेत्र से रोजगारयुक्त समग्र विकास का मॉडल होगा रतलाम : काश्यप

रतलाम।

**विधायक चेतन्य काश्यप ने शहरवासियों को दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समग्र विकास की जो अवधारणा होती है, वह अब रतलाम में साकार होगी। बीते 8 सालों में इसका ताना-बाना बुन गया है।**



आगामी 8 वर्षों में शहर में उद्योग भी होंगे, व्यापार होंगे, गरीबों के आवास होंगे। कुपोषण से मुक्ति मिलेगी और रतलाम तेज गति से मालवा निमाड़ का प्रमुख केन्द्र बनेगा। दीप मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री काश्यप ने रतलाम के विकास के लिए किए गए आधारभूत कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कोरोना काल का समय सबसे अधिक दुष्कर था, लेकिन मेडिकल कॉलेज की स्थापना ने उससे रतलाम ही नहीं धार, झाबुआ, आलीराजपुर, मंदसौर, नीमच, बांसवाड़ा सहित आसपास के पूरे अंचल को उबारने में मदद की, इससे रतलाम का गौरव बढ़ा है। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में 6 हजार से अधिक लोगों का उपचार हुआ और इससे आम जनता के 1000 से 1200 करोड़ रूपए के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक त्रासदी की बचत हुई है। जल्द ही मेडिकल कॉलेज के 750 बिस्तरीय अस्पताल की शुरूआत होगी। इसे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के प्रस्ताव भी तैयार हो गए है। श्री काश्यप ने कहा कोरोना के कारण कार्य प्रभावित हुआ लेकिन उनका लक्ष्य है कि रतलाम विधानसभा क्षेत्र से कुपोषण मिटाकर रहेंगे। गरीबों के विकास के लिए आवास की सुविधा जरूरी है और इस दिशा में शहर को झुग्गी मुक्त बनाने का प्रण कर कार्य किया जा रहा है। 8 लेन एक्सप्रेस वे के साथ रतलाम निवेश क्षेत्र की स्थापना से शहर के विकास को नई गति मिलेगी। निवेश क्षेत्र में लॉजिस्टिक हब बनेगा। इसके साथ टेक्स टाईल्स पार्क और युनिवर्सिटी कालोनी तथा फिल्म स्टूडियो की योजनाएं भी बन रही है। नमकीन क्लस्टर में 15 इकाईयां शुरू हो चुकी है। अल्कोहल प्लांट की भूमि पर लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना से 6 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। शहर में पार्किंग एवं सुविधा घर सहित अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत माणकचौक की सब्जी मण्डी एवं स्कूल की जगह का उपयोग करने की योजना बनी है। ट्रांसपोर्ट नगर भी जल्द आकार लेगा। इसके साथ ही रतलाम झुग्गी मुक्त, कुपोषण मुक्त तथा निवेश क्षेत्र से रोजगारयुक्त होकर समग्र विकास का मॉडल बनेगा।

## रतलाम निःसंदेह महानगर बनेगा

सांसद गुमानसिंह डामोर ने इस मौके पर कहा कि विधायक चेतन्य काश्यप के नेतृत्व मे शहर मे अद्भुत कार्य हुए है। वे सदैव सकारात्मक सोच रखते है। कोरोना काल मे उन्होंने रतलाम के साथ झाबुआ और आलीराजपुर जिले को भी अप्रत्याशित मदद की है, जिससे कई लोग पीठ पीछे उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते। राजनीति में पीठ पीछे होने वाली प्रशंसा किसी नोबल पुरस्कार से कम नहीं है। श्री काश्यप के प्रयासों से रतलाम निःसंदेह महानगर बनेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा कि कांग्रेस शासन काल और कोरोना महामारी के कारण शहर के विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब सभी कार्य रफ्तार पकड़ चुके है। इससे जल्द ही रतलाम का नाम विकसित शहरों में लिया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य ने कहा कि आज की राजनीति में स्वच्छ व्यक्ति की जरूरत है और विधायक काश्यप ऐसे ही व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी है। रतलाम में जिस तरीके से समग्र विकास के कार्य हो रहे है, इनसे निश्चित रूप से रतलाम पूरे प्रदेश में विकास का मॉडल बनेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित ने कहा कि श्री काश्यप पूर्व नियोजित योजना बनाकर कार्य करते है। उन्होंने अपने प्रयासों से शहर की फिज़ा बदल कर असंभव को संभव कर दिखाया है। पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने कहा कि विधायक काश्यप ने शहर को जिस नई ऊंचाई की तरफ ले जाने का प्रयास किया है, उसका लाभ सभी शहरवासियों को लेना चाहिए। कार्यक्रम मे श्रीमती सूरज डामोर, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती संगीता चारेल, प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, निमिष व्यास सहित शहर के विभिन्न समाजो के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि, व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। संचालन मनोज शर्मा ने किया। आभार सिद्धार्थ काश्यप ने माना।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 2/11/21

# कृषि विभाग अलर्ट रहे, किसानों को उर्वरक की दिक्कत नहीं आए

रतलाम। वर्तमान रबी मौसम तथा बुवाई के दृष्टिगत कृषि विभाग अलर्ट रहें। किसानों को दवाई, बीज, उर्वरकों की समस्या नहीं आए, समय पर कृषि आदान किसान को उपलब्ध करवाएं। उक्त निर्देश अपर कलेक्टर एमएल आर्य द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में

**▶ अपर कलेक्टर एमएल आर्य ने समयावधि पत्र की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

कृषि विभाग को दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, जिला वन मंडल अधिकारी श्री डुडवे, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य ने कहा कि जिले में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उनके द्वारा डबल लाक केंद्रों का आगामी दिनों निरीक्षण




किया जाएगा। उप संचालक कृषि तथा जिला विपणन अधिकारी को सुनिश्चित करने को कहा गया कि किसानों को समय पर आवश्यकतानुसार यूरिया, डीएपी आदि उर्वरक उपलब्ध हो जाए। इसके साथ ही नकली खाद बीज का विक्रय नहीं हो, इसके लिए विभाग निरंतर निरीक्षण करता रहे। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निपटारे में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। श्रम विभाग के हितग्राहियों को अपील हेतु बुलवाने के लिए निर्देशित किया। जनजातिय कार्य विभाग में लंबित छात्रवृत्ति प्रकरणों के निपटारे के निर्देश दिए गए। शहर तहसीलदार विगत अतिवृष्टि से पीड़ितों को शत प्रतिशत रुप से मुआवजा वितरित करें। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में लाडली लक्ष्मी के लंबित प्रकरणों के निपटारे के निर्देश दिए गए।

## गंभीरता से कार्य करने के निर्देश

वैक्सीनेशन की समीक्षा में बताया गया कि सैलाना तथा बाजना क्षेत्रों में सेकंड डोज की प्रगति कमजोर है। संबंधित एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य पदाधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

नवभारत

नवभारत 2/11/21



# हमारा प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर रैली निकाली

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को रतलाम मुख्यालय पर प्रातः रैली आयोजित की गई। शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से प्रारंभ रैली को पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। रैली का समापन विभिन्न मार्गों से होते हुए नेहरू स्टेडियम पर हुआ जहां पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश शांति का टापू है, भाईचारे की मिसाल है। हमारा प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और इन संसाधनों को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े ने कहा कि हमें अपने मध्यप्रदेश पर गर्व है। हमारा प्रदेश, देश का हृदय प्रदेश है। हम अपने प्रदेश को और विकसित तथा और संपन्न करने के लिए मिल-जुलकर कार्य करें। समापन कार्यक्रम के दौरान नगर निगम द्वारा दीपावली की शुभकामनाओं का संदेश देने के साथ ही स्वच्छता का संदेश देती हुए रंगोली प्रदर्शित की गई। स्वदेश

## स्वच्छता रंगोली सराही गई

आयोजित रैली के दौरान नगर निगम ने नागरिकों को स्वच्छता का संदेश देते हुए आकर्षक रंगोली का निर्माण कराया। सफाई मित्र समूह की टीम ने इस रंगोली में शहर कचरा मुक्त व सार्वजनिक स्थलों के साथ ही अपने आस पड़ोस को भी स्वच्छ व सुंदर रखने का संदेश दिया।

## राष्ट्र गीत वंदे मातरम का गायन हुआ

माह नवंबर की प्रथम तिथि को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्र गीत वंदे मातरम का गायन हुआ। राष्ट्रगान तथा मध्यप्रदेश गान भी हुआ। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वदेश 2/11/21





# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर निकाली रैली

रतलाम। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को रतलाम मुख्यालय पर प्रातः रैली आयोजित की गई। स्थानीय शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से प्रारंभ रैली को पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। रैली का समापन विभिन्न मार्गों से होते हुए नेहरू स्टेडियम पर हुआ जहां पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश शांति का टापू है, भाई चारे की मिसाल है। हमारा प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और इन संसाधनों को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है।




जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े ने कहा कि हमें अपने मध्यप्रदेश पर गर्व है। हमारा प्रदेश, देश का हृदय प्रदेश है। हम अपने प्रदेश को और विकसित तथा और संपन्न करने के लिए मिल-जुलकर कार्य करें। समापन कार्यक्रम के दौरान नगर निगम द्वारा दीपावली की शुभकामनाओं का संदेश देने के साथ ही स्वच्छता का संदेश देती हुए रंगोली प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी आरसी तिवारी ने किया। नवभारत

## सराही गई स्वच्छता रंगोली

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित रैली के दौरान नगर निगम ने नागरिको को स्वच्छता का संदेश देते हुए आकर्षक रंगोली का निर्माण कराया। सफाई मित्र समूह की टीम ने इस रंगोली में शहर कचरा मुक्त व सार्वजनिक स्थलों के साथ ही अपने आस पड़ोस को भी स्वच्छ व सुंदर रखने का संदेश दिया। इस माध्यम से शहर को स्वच्छत करने की अपील भी की।

नवभारत 2/11/21

**दीप मिलन समारोह** • समग्र विकास की अवधारणा रतलाम में साकार करने के प्रयास

# झुग्गी मुक्त, निवेश क्षेत्र से रोजगार युक्त समग्र विकास का मॉडल होगा रतलाम



समारोह में उपस्थित प्रतिनिधि, व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के सदस्य।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

समग्र विकास की जो अवधारणा होती है, वह अब रतलाम में साकार होगी। आठ सालों में इसका ताना-बाना बुन गया है। आगामी आठ सालों में शहर में उद्योग भी होंगे, व्यापार होंगे, गरीबों के आवास होंगे। कुपोषण से मुक्ति मिलेगी और रतलाम तेज गति से मालवा निमाड़ का प्रमुख केंद्र बनेगा। कोरोना से काम प्रभावित हुआ लेकिन उनका लक्ष्य है कि रतलाम विधानसभा क्षेत्र से कुपोषण मिटाकर रहेंगे। शहर को झुग्गी मुक्त बनाने का प्रण लेकर कार्य किया जा रहा है।

यह बात दीप मिलन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप ने कही। समारोह को सांसद गुमान सिंह डामोर, जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने भी संबोधित किया। सूरज डामोर, भाजपा जिला महामंत्री संगीता चारेल, प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, निमिष व्यास सहित शहर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि, व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। संचालन मनोज शर्मा ने किया। आभार सिद्धार्थ काश्यप ने माना।

## निःसंदेह महानगर बनेगा रतलाम : सांसद डामोर

समारोह में सांसद डामोर ने कहा विधायक काश्यप सकारात्मक सोच के साथ लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने रतलाम के साथ झाबुआ और आलीराजपुर जिले को भी अप्रत्याशित मदद की है। राजनीति में पीठ पीछे वाली प्रशंसा किसी नोबल पुरस्कार से कम नहीं है।

## सुविधाएं त्याग विजन के साथ काम कर रहे : मौर्य

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य ने कहा सात साल बाद विधायक काश्यप मुख्यमंत्री बनेंगे क्योंकि वे गुरुदेव के आदेश पर राजनीति के माध्यम से समाजसेवा करने राजनीति में आए हैं। विधायक को मिलने वाली सारी सुविधाओं को त्याग करके वे शहर विकास का जो विजन लेकर काम कर रहे हैं। उससे सारी प्रदेश की जनता कहेगी कि जैसा रतलाम में काम हुआ वैसे पूरे प्रदेश में हो। भास्कर

दै. भास्कर 2/11/21

# झुग्गी मुक्त, कुपोषण मुक्त, निवेश क्षेत्र से रोजगारयुक्त समग्र विकास का मॉडल होगा रतलाम : काश्यप

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

विधायक चेतन्य काश्यप ने शहरवासियों को दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समग्र विकास की जो अवधारणा होती है, वह अब रतलाम में साकार होगी। बीते 8 सालों में इसका ताना-बाना बुन गया है। आगामी 8 वर्षों में शहर में उद्योग भी होंगे, व्यापार होंगे, गरीबों के आवास होंगे। कुपोषण से मुक्ति मिलेगी और रतलाम तेज गति से मालवा निमाड का प्रमुख केन्द्र बनेगा।






## रतलाम का गौरव बढ़ा

दीप मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री काश्यप ने रतलाम के विकास के लिए किए गए आधारभूत कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कोरोना काल का समय सबसे अधिक दुष्कर था, लेकिन मेडिकल कॉलेज की स्थापना ने उससे रतलाम ही नहीं धार, झाबुआ, आलीराजपुर, मंदसौर, नीमच, बांसवाड़ा सहित आसपास के पूरे अंचल को उबारने में मदद की, इससे रतलाम का गौरव बढ़ा है। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में 6 हजार से अधिक लोगों का उपचार हुआ और इससे आम जनता के 1000 से 1200 करोड़ रूपए के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक त्रासदी की बचत हुई है। जल्द ही मेडिकल कॉलेज के 750 बिस्तरीय अस्पताल की शुरूआत होगी। इसे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के प्रस्ताव भी तैयार हो गए है। कार्यक्रम में श्रीमती सूरज डामोर, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती संगीता चारेल, प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, निमिष व्यास सहित शहर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि, व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। संचालन मनोज शर्मा ने किया। आभार सिद्धार्थ काश्यप ने माना। २७

राज एक्सप्रेस 2/11/21

# नमकीन क्लस्टर में चार नई यूनिट शुरू,

## मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर गुलाब चक्कर में आयोजित कार्य



रतलाम में मप्र स्थापना दिवस पर गुलाब चक्कर में प्रस्तुति देती हुई छात्राएं। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सोमवार शाम गुलाब चक्कर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक चेतन्य काश्यप ने एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत विभिन्न इकाइयों का भूमिपूजन व शुभारंभ करने के साथ ही नमकीन क्लस्टर के तहत चार इकाइयों का भी शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के लाइव संबोधन को देखा व सुना गया। कार्यक्रम में आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गाने प्रस्तुत किए गए। स्कूली विद्यार्थियों, बालिकाओं ने मालवी, बुंदेली आधारित सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए।

इस दौरान जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा, राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया आदि उपस्थित रहे। इससे पहले सुबह शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय से प्रारंभ रैली को एसपी गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। रैली का समापन नेहरू स्टेडियम पर हुआ।

मप्र स्थापना दिवस पर विधायक काश्यप ने रतलामी नमकीन की जिन चार इकाइयों का शुभारंभ हुआ। उनमें 200 लाख रुपये पूंजी निवेश की मेसर्स एसके फुड्स, 125 लाख पूंजी निवेश से मेसर्स हिंदुस्तान नेचरल प्रोडक्स, 100 लाख पूंजी निवेश से मेसर्स खंडेलवाल नमकीन तथा 25 लाख रुपये पूंजी निवेश से मेसर्स डायमंड ग्रुप आफ नमकीन मेन्युफेक्चरिंग एंड पैकेजिंग इंडस्ट्रीज शामिल है। चारों उद्योगों में कुल 450 लाख की लागत है, जिसमें 105 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा।

इसी प्रकार एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत चयनित लहसुन की फसल पर आधारित 109.69 लाख लागत की इकाइयों का भूमिपूजन तथा 71.28 लाख लागत की प्रसंस्करण इकाइयों का शुभारंभ किया गया। जिन इकाइयों का शुभारंभ हुआ, उनमें विकासखंड पिपलौदा के ग्राम कालूखेड़ा की रियावन प्रोडक्ट, विकासखंड जावरा के ग्राम रोला की पाटीदार इंटरप्राइजेस शामिल हैं।

### रतलाम का किसान उन्नतिशील

विधायक काश्यप ने कहा कि रतलाम का किसान उन्नतिशील है। अब एक जिला एक उत्पाद योजना में चयनित लहसुन फसल पर आधारित प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से जिले के कृषि क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। रतलामी नमकीन इकाइयों की स्थापना होने से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार की राह प्रशस्त हुई है। जीआई टैग मिलने से रतलामी नमकीन उद्योग को वृहद ऊंचाइयां मिलेगी।

### स्थानीय कलाकारों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में रतलाम के ख्यात कलाकार जितेंद्र चौहान, संगीता जैन, जितेंद्र नारायण, राजेश शर्मा आदि ने देशभक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। शासकीय नवीन कन्या उमावि की छात्राओं ने मालवी लोक संस्कृति से ओत-प्रोत नृत्य, लक्ष्मीबाई कन्या उमावि की छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य, साईं श्री इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने महुआ नृत्य गीत, उत्कृष्ट उमावि की छात्राओं द्वारा राई शेरा नृत्य शैली प्रस्तुत की गई। नवीन कन्या उमावि की प्राचार्य ममता अग्रवाल, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य सुभाष कुमावत आदि उपस्थित रहे। संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

### स्वर्णिम व आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर मप्र

पिपलौदा। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर नगर के शासकीय उत्कृष्ट उमावि में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश मोगरा, विशेष अतिथि पूर्व पार्षद प्रफुल्ल जैन व प्रहलाद चौहान मंचासीन थे। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य जितेंद्र शर्मा ने की।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई। मोगरा ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार लगातार स्वर्णिम व आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की ओर अग्रसर है। शासन ने छात्र हितार्थ अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं, जिसका अंतिम व्यक्ति को भी लाभ मिल रहा है। जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश अब विकास की ओर अग्रसर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क हो या बिजली हर क्षेत्र में लगातार विकास के नए निर्माण कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान, मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता व स्वच्छ भारत अभियान पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहन राशि भेंट की गई। शिक्षक बीएस राठौर, शरद देराश्री, ललिता शंकर शर्मा, हर्षद भटनागर, मनीषा टैगोर, दीपिका शर्मा, रानू सोनी, श्रेया जैन, नरेंद्र कुंवर सिसौदिया आदि उपस्थित थे। संचालन शिक्षक सुनील जैन ने किया। आभार शिक्षक भोपालसिंह राठौर ने माना।

मंदसौर। प्रभारी मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर मंदसौर विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, कलेक्टर गौतम सिंह, एसपी सुनील कुमार पांडे सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



पिपलौदा के उत्कृष्ट विद्यालय में मप्र स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

नईदुनिया 2/11/21

# फटकार लगी तो सोमवार को दोगुना कचरा पहुंचा ट्रेंचिंग ग्राउंड

**रतलाम** | त्योहार पर पूरी तरह बिगड़ चुकी सफाई व्यवस्था अफसरों की फटकार के बाद कुछ सुधरी नजर आई। सोमवार जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड 1.20 मीट्रिक टन कचरा पहुंच गया, जबकि रविवार को 56360 किलो कचरा ही एकत्र कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा था।

हालांकि इसके ठीक एक दिन पहले शनिवार को 102175 किलो कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा था। कचरा एकत्र करने की गड़बड़ी का कारण बेढंगी सफाई व्यवस्था है। उधर सोमवार को सुबह की सफाई के बावजूद शहर के हरमाला रोड, वेदव्यास कॉलोनी सहित कई जगह गंदगी के ढेर नजर आए। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया सोमवार को डंपर से 52240, ट्रैक्टर से 10835, कॉम्पेक्टर से सूखा 14920 व गीला कचरा 17450, मैजिक से सूखा 17850 व गीला 6740 कचरा पहुंचा। इस तरह 120035 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा।

भास्कर

दे. भास्कर 2/11/21

# झुग्गी मुक्त, कुपोषण मुक्त, निवेश क्षेत्र से रोजगारयुक्त समग्र विकास का मॉडल होगा रतलाम : काश्यप

अवन्तिका

'दैनिक अवन्तिका' ›› रतलाम



विधायक चेतन्य काश्यप ने शहरवासियों को दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समग्र विकास की जो अवधारणा होती है, वह अब रतलाम में साकार होगी। बीते 8 सालों में इसका ताना-बाना बुन गया है। आगामी 8 वर्षों में शहर में उद्योग भी होंगे, व्यापार होंगे, गरीबों के आवास होंगे। कुपोषण से मुक्ति मिलेगी और रतलाम तेज गति से मालवा निमाड़ का प्रमुख केन्द्र बनेगा।

दीप मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री काश्यप ने रतलाम के विकास के लिए किए गए आधारभूत कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कोरोना काल का समय सबसे अधिक दुष्कर था, लेकिन मेडिकल कॉलेज की स्थापना ने उससे रतलाम ही नहीं धार, झाबुआ, आलीराजपुर, मंदसौर, नीमच, बांसवाड़ा सहित आसपास के पूरे अंचल को उबारने में मदद की, इससे रतलाम का गौरव बढ़ा है। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में 6 हजार से अधिक लोगों का उपचार हुआ और इससे आम जनता के 1000 से 1200 करोड़ रूपए के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक त्रासदी की बचत हुई है। जल्द ही मेडिकल कॉलेज के 750 बिस्तरीय अस्पताल की शुरूआत होगी। इसे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के प्रस्ताव भी तैयार हो गए है।

श्री काश्यप ने कहा कोरोना के कारण कार्य प्रभावित हुआ लेकिन उनका लक्ष्य है कि रतलाम विधानसभा क्षेत्र से कुपोषण मिटाकर रहेंगे। गरीबों के विकास के लिए आवास की सुविधा जरूरी है और इस दिशा में शहर को झुग्गी मुक्त बनाने का प्रण कर कार्य किया जा रहा है। 8 लेन एक्सप्रेस वे के साथ रतलाम निवेश क्षेत्र की स्थापना से शहर के विकास को नई गति मिलेगी। निवेश क्षेत्र में लॉजिस्टिक हब बनेगा। इसके साथ टेक्स टाईल्स पार्क और युनिवर्सिटी कालोनी तथा फिल्म स्टूडियो की योजनाएं भी बन रही है। नमकीन क्लस्टर में 15 इकाईयां शुरू हो चुकी है। अल्कोहल प्लांट की भूमि पर लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना से 6 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। शहर में पार्किंग एवं सुविधा घर सहित अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत माणकचौक की सब्जी मण्डी एवं स्कूल की जगह का उपयोग करने की योजना बनी है। ट्रांसपोर्ट नगर भी जल्द आकार लेगा। इसके साथ ही रतलाम झुग्गी मुक्त, कुपोषण मुक्त तथा निवेश क्षेत्र से रोजगारयुक्त होकर समग्र विकास का मॉडल बनेगा।

## रतलाम नि:संदेह महानगर बनेगा

सांसद गुमानसिंह डामोर ने इस मौके पर कहा कि विधायक चेतन्य काश्यप के नेतृत्व में शहर में अदभूत कार्य हुए है। वे सदैव सकारात्मक सोच रखते है। कोरोना काल में उन्होंने रतलाम के साथ झाबुआ और आलीराजपुर जिले को भी अप्रत्याशित मदद की है, जिससे कई लोग पीठ पीछे उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते। राजनीति में पीठ पीछे होने वाली प्रशंसा किसी नोबल पुरस्कार से कम नहीं है। श्री काश्यप के प्रयासों से रतलाम निःसंदेह महानगर बनेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा कि कांग्रेस शासन काल और कोरोना महामारी के कारण शहर के विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब सभी कार्य रफ्तार पकड़ चुके है। इससे जल्द ही रतलाम का नाम विकसित शहरों में लिया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य ने कहा कि आज की राजनीति में स्वच्छ व्यक्ति की जरूरत है और विधायक काश्यप ऐसे ही व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी है। रतलाम में जिस तरीके से समग्र विकास के कार्य हो रहे है, इनसे निश्चित रूप से रतलाम पूरे प्रदेश में विकास का मॉडल बनेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित ने कहा कि श्री काश्यप पूर्व नियोजित योजना बनाकर कार्य करते है।

उन्होंने अपने प्रयासों से शहर की फिजा बदल कर असंभव को संभव कर दिखाया है। पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने कहा कि विधायक काश्यप ने शहर को जिस नई ऊचाई की तरफ ले जाने का प्रयास किया है, उसका लाभ सभी शहरवासियों को लेना चाहिए।

कार्यक्रम में श्रीमती सूरज डामोर, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती संगीता चारेल, प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, निमिष व्यास सहित शहर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि, व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। संचालन मनोज शर्मा ने किया। आभार सिद्धार्थ काश्यप ने माना।

अवन्तिका 2/11/21

## रंगोलियों के माध्यम दिया स्वच्छता का संदेश

# स्वच्छता से रहा जा सकता है रोग मुक्त



स्वच्छता का संकल्प लेते हुए खिलाड़ी व सफाई मित्र समूह के सदस्य। ● नईदुनिया

रतलाम। स्वच्छ और स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वच्छता अपनाने से व्यक्ति रोग मुक्त रहता है और स्वस्थ्य शहर के निर्माण में अपना योगदान देता है। स्वच्छता मानव समुदाय का प्राकृतिक गुण है। यह सुखी जीवन की आधारशीला भी है।

यह बात नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सोमवार को दीपावली संकल्प जागरूकता अभियान के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के दौरान कही। इस मौके पर सफाई मित्र समूह ने रंगोलियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश भी दिया।

दीपावली संकल्प जागरूकता अभियान के तहत नगर निगम व सफाई मित्र समूह की टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों पर लघु रैलियों का आयोजन कर सार्वजनिक स्थानों पर सात बिंदुओं पर नागरिकों को शपथ दिलाई। साथ ही दीपावली उत्सव को लेकर नागरिकों से संयम बरतते हुए कचरे का निपटान संग्रहण वाहनों में करने की भी अपील की है। आयुक्त ने बताया कि कुछ लोग अपने स्वभाव के विपरित सफाई को कम महत्व देते हैं। इसके कारण वहां के लोग संक्रामक बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। गंदगी से थल, जल और वायु की शुद्धता पर भी विपरित असर पड़ता है। ऐसे में आज जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक दीपावली के अवसर पर स्वच्छता का संकल्प लें और अपने शहर को स्वच्छता के मामले में नंबर वन बनाने का प्रयास करें। स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, जोन अधिकारी एपीसिंह, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान सहित सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### 3951 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है।

नईदुनिया 2/11/21.

# ई यूनिट शुरू, 105 लोगों को मिलेगा रोजगार

## क्कर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चेतन्य काश्यप ने किया शुभारंभ





गुलाब चक्कर में छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया

स्वच्छ भारत अभियान पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहन राशि भेंट की गई। शिक्षक बीएस राठौर, शरद देराश्री, ललिता शंकर शर्मा, हर्षद भटनागर, मनीषा टैगोर, दीपिका शर्मा, रानू सोनी, श्रेया जैन, नरेंद्र कुंवर सिसौदिया आदि उपस्थित थे। संचालन शिक्षक सुनील जैन ने किया। आभार शिक्षक भोपालसिंह राठौर ने माना।

मंदसौर। प्रभारी मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर मंदसौर विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, कलेक्टर गौतम सिंह, एसपी सुनील कुमार पांडे सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



वस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।